संख्या-24/671/63-व0उ0-2015-127(एच)/15

प्रेषक,

राज बहादुर,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 08 सितम्बर, 2015**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिये अनुदान संख्या-6 लेखा शीर्षक-2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-001-निदेशन तथा प्रशासन, 03-अधिष्ठान व्यय आयोजनेत्तर पक्ष में अतिरिक्त बजट व्यवस्था हेतु पुनर्विनियोग के माध्यम से वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-87/ह0क0-वित्त/2015-16, दिनांक 26.05.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-6 लेखा शीर्षक-2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-001-निदेशन तथा प्रशासन, 03-अधिष्ठान व्यय-हथकरघा निदेशालय की "मानक मद संख्या-07-मानदेय" आयोजनेत्तर पक्ष में **रू0 4,40,000.00 (रूपया चार लाख, चालिस हजार मात्र)** तथा "मानक मद संख्या-15-गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद" आयोजनेत्तर पक्ष में **रू0 4,00,000;00 (रूपया चार लाख मात्र)** कुल धनराशि **रू0 8,40,000.00 (रूपया आठ लाख, चालिस हजार मात्र)** पुनर्विनियोग प्रपत्र बी0एम0-9 में अंकित लेखाशीर्षक के अनुसार पुनर्विनियोजित कर वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का उपयोग आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर द्वारा यह सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा कि उक्त धनराशि का भुगतान प्रथम बार किया जा रहा है। उक्त पुनर्विनियोजित धनराशि का व्यय करने से पूर्व वित्त विभाग द्वारा मितव्ययिता के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों एवं नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय केवल उक्त स्वीकृत मद पर किया जायेगा। यदि किन्हीं करणों से उक्त धनराशि व्यय नहीं हो पाती है, तो उसे दिनांक 31.03.2016 से पूर्व शासन को समर्पित कर दिया जाय।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 की अनुदान संख्या-6 लेखा शीर्षक-"2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-001-निदेशन तथा प्रशासन, 03-अधिष्ठान व्यय-हथकरघा निदेशालय -01-वेतन के अन्तर्गत उपलब्ध बचतों से पुनर्विनियोग के माध्यम से लेखा शीर्षक-2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-001-निदेशन तथा प्रशासन, 03-अधिष्ठान व्यय-हथकरघा निदेशालय की "मानक मद संख्या-07-मानदेय" तथा "मानक मद संख्या-15- गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद" के मद में किया जाना है।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 संख्या-ई-6-427/दस-2015, दिनांक 25 अगस्त, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक :- यथोक्त।

भवदीय,

राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-671(1)/63-व0उ0-2015-127(एच)/15, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम एवं द्वितीय/लेखा एवं हकदारी, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।

3- वित्त ई-6 अनुभाग/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

4- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

राज बहादुर

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in